हिन्दुस्तान
1936
सोमवार
13 अप्रैल 2026, वैशाख कृष्ण पक्ष, एकादशी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
PAGE NO : 05 TOP

श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी टूर्नामेंट मेरठ ने जीता

विजेता टीम को दो लाख , उपविजेता को एक लाख रुपये दिया गया नकद पुरस्कार

क्रिकेट

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह की विजेता एमडीसीए मेरठ की टीम बनी। रविवार को फाइनल मुकाबला एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में दुधिया रोशनी में मेरठ व आईके नेक्स्ट जनरेशन बुलंदशहर के बीच खेला गया। विजेता टीम को दो लाख रुपये, उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने गए 345 रन बनाने के साथ एक विकेट लेने वाले ऋतुराज को 11 हजार का दिया गया नकद पुरस्कार। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच भी ऋतुराज को मिला।

टॉस जीतकर आईके नेक्स्ट जेनरेशन बुलंदशहर ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमडीसीए मेरठ की टीम ने 15.4 ओवरों में 156 रन चार विकेट के नुकसान पर बना लिए। मेरठ की टीम ने छह विकेट से फाइनल मुकाबला जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच 35

श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन छह की विजेता बनी एमडीसीए मेरठ की टीम।

गेंदों पर 61 रन सात चौकों, दो छक्कों की मदद से बनाने वाले ऋतुराज शर्मा को दिया गया। वहीं टूर्नामेंट में 10 विकेट लेने वाले एमडीसीए मेरठ के अंकुर शर्मा बने बेस्ट बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट व 271 रन बनाने वाले एमडीसीए के हर्ष त्यागी को बेस्ट बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट चुनते हुए 5100-5100 रुपये देकर सम्मानित किया गया।

टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीएम अविनाश सिंह, विशिष्ट अतिथि पीएनबी के सर्किल हेड रंजीत चौधरी, ब्रांच मैनेजर अंकित भारद्वाज, एलआईसी के मैनेजर पीसी बिष्ट, ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार, मैनेजर कौशल ज्योति, स्वास्तिक मार्बल के निखिल अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीम एमडीसीए को दो लाख रुपये के साथ चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की। उप विजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। विनय खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, दीपेंद्र कमथान, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. जसप्रीत कौर, आयोजन समिति के सचिव डॉ. नितिन सक्सेना, मनीष सिंह थे।